Research & Compilation : 16

SPIRITUAL REJUVENATION

Eternal Knowledge

अध्यात्मिक पुर्नजागरण

शाश्वत ज्ञान



Rigveda : 1.1.1

THOUGHT PAPER

विचार पत्र

Ram Shastri



Folios from the *Rigvedapadapatha*, preserved at Bhandarkar Oriental Research Institute, Pune

Spiritual Rejuvenation

Eternal Knowledge

अध्यात्मिक पुर्नजागरण

शाश्वत ज्ञान



Rigveda : Vivah Sukta 10.85.1-10

THOUGHT PAPER

विचार पत्र

Research & Compilation

RAM SHASTRI

Rashtriya Adhyatmik Punarjagran Abhiyan

M-139

इममेवब्राह्मणवाक्यार्थमेषमनिसत्यरिसमाभ्रेरुत्तरेमंत्राः प्रतिपादयंति किंकारणंब्रह्मजगदुपादानकारणंब्रह्मकि
मन्यद्वाजगदुपादानकारणंब्रह्मकीदृशंशुद्धमविद्यामिलितंवा अथवाब्रह्मकिंकारणमविशेषणनिमित्तोपादनका
रणंवा आहोस्विन्निमित्तकारणमेवकुतःस्मजाता आकाशादिवत्स्थित्यवस्थायांब्रह्मकार्यभूताःसंतःसुषुप्तिप्रलयादिषू
पादानकारणभूतब्रह्ममात्रतयाविलयंगताःसंतःप्रवोधसर्गादिसमयेउपादानकारणभूतब्रह्मणःकार्यत्वेनवयंजाताः
आहोस्विज्जलचंद्रस्थानीयाघटाकाशस्थानीयावावयंसुषुप्तिप्रलयादिषूपाधिविलयेबिंबचंद्रमहाकाशस्थानीयेब्रह्म
ऐक्यमुपगताःसंतःसम्यक्प्रवोधसृष्ट्यादिसमयेब्रह्मविवर्तकार्यकारणादिमंतोबिंबचंद्रमहाकाश ॥॥॥॥

किंकारणंब्रह्मकुतःस्मजाताजीवामकेनक्वचसंप्रतिष्ठाः अधिष्ठिताःकेनसुखेतरेषुवर्तामहेब्रह्मविदोव्यवस्थांइति २

स्थानीयब्रह्मणःसकाशाज्जाताजीवामकेनलद्दर्थैलोद्द जीवामःकेनवयंजीवामोदृष्टेनकिमीश्वरेणवाउताभयेनाहो
स्विल्स्वभावेनक्वचसंप्रतिष्ठाः मोक्षावस्थायामस्माकंविकारभूतेब्रह्मणिकिमेकत्वेनावस्थानं उतस्वतोविकारिणिमाया
मिलितत्वेनविकारिणिब्रह्मणऐकत्वेनावस्थानमाहोस्विदविद्याख्यमायाविद्ययाब्रह्ममात्रतमाप्रविलाप्यविशुद्धेब्रह्म
ण्येकत्वेनावस्थानं क्वचसंप्रविष्टाइत्यस्मिन्पादेमोक्षावस्थायांकीदृग्रूपेब्रह्मणिवयमेकत्वेनावस्थितादृतियोजयितव्यं ४
अधिष्ठिताःकेनकिंब्रह्मकेवलादित्याद्यधिदेवैतैरधिष्ठिताःसंतःसुखेतरेषुसुखदुःखेषुपरवशात्वेनवर्तामहे आहो
स्विदीश्वरेणोतोमाम्यांहेब्रह्मविदःवयंव्यवस्थांविनिर्णयेसहविचिंत्यकुर्मोमेति २॥ रामरामरामरामरामरामराम

अध्यात्मिक पुनर्जागरण
समय की आवश्यकता

देश में नवसांस्कृतिक अध्यात्मिक पुनर्जागरण समय की मांग



ओमिति ब्रह्म। औमितीदं सर्वम्
(यह सब औंकार रूप ही है।)
ईशानः सर्वविद्यानां ईश्वरः सर्वभूतानाम्
एकं तन्त्रं समाश्रित्य सम्यक् कर्म कृते तथा।
सर्वं तेन कृतं राम तच्च श्री गुरुमार्गतः!!7!!

(त्रिपुरा रहस्य चर्याखण्डः चतुर्थ अध्याय)
मंत्रे तीर्थे द्विजे देवे दैवज्ञे भेषजे गुरौ।
यादृशी भावना यस्य सिद्धिर्भवति तादृशी।।

अध्यात्म राष्ट्र का प्राण है। अध्यात्म व्यक्तित्त्व के विकास से जुड़ा है। अध्यात्म में उपासना और नैतिकता दोनों ही शामिल रहे। अध्यात्म में भौतिक और अध्यात्मिक विचारों की उन्नति की धारायें एक साथ ही चली। वर्तमान में नवसांस्कृतिक धार्मिक पुनर्जागरण की आवश्यकता है। वैदिक एवं श्रमण काल से जम्बूद्वीप भरतखण्ड में समय–समय पर नवसांस्कृतिक पुनर्जागरण होते रहे हैं।

धर्म संस्कृति के स्वर्णकाल का उल्लेख शतियों पहले लार्ड मैकाले और जर्मन अध्येता श्री मैक्स मूलर तक ने किया है। श्री मैक्स मूलर ने लिखा कि व्हाट इण्डिया टीच अस, परन्तु वेद का विकृतिकरण करवाया गया। यहाँ भारतीय अध्यात्म और संस्कृति के भावार्थ को समझना आवश्यक है। शाब्दिक रूप से संस्कृति का अर्थ सुन्दर रचना से है। विदेशी विद्वानों ने धर्म और अध्यात्म के अंग्रेजी अर्थ से भ्रामक स्थिति पैदा की है।

इक्कीसवीं शती में श्रुति देववाणी वेद एवं श्रवण की नवीन दृष्टि को प्रस्तुत करना आवश्यक है। यह कहने से काम नहीं चलेगा कि वैदिक ग्रन्थों में विमानन से स्फोटवाद का उल्लेख है। बीसवीं और उन्नीसवीं शती में वेद के बारे में नवपुनर्जागरण की प्रचण्ड लहरें उठी। स्वामी दयानन्द सरस्वती ने वेद को शूद्र और स्त्रियों तक पहुंचाने का क्रान्तिकारी कदम उठाया। "स्वयं स्वामी दयानन्द ने मुम्बई सम्मेलन में सावधान किया कि यदि उनकी बात गलत लगे तो नहीं माने, अन्यथा यह एक सम्प्रदाय बन जायेगा।" इसी उन्नीसवीं शती में क्रान्तिकारी स्वामी विवेकानन्द ने अमेरिका में आयोजित विश्व धर्म सम्मेलन में भारतीय संस्कृति की पताका फहराई। ऋग्वेद के अनुसरण में भारतीय धार्मिक सांस्कृतिक चिन्तकों ने "आर्य शब्द को श्रेष्ठ के रूप में

परिभाषित'' किया। स्मरण रहे कि उन्नीसवीं शती में स्वाधीनता का सिंहनाद स्वामी दयानन्द सरस्वती और स्वामी विवेकानन्द ने किया।

ऋग्वेद पर नवीन दृष्टिकोण महान् विद्वान रावण एवं बीसवीं शतीं में अध्येता श्री टी.वी. कपाली (कपालेश्वर) शास्त्री सामने रखा। श्री कपाली शास्त्री ने आचार्य यास्क और आचार्य सायण की अवधारणा को सामने रखकर ऋग्वेद के अतिगोपनीय रहस्यों, कूट सांकेतिक भाषा, कूट गोपनीय प्रतीकों के अर्थों को नये समसामयिक कलेवर में प्रकाशित कर सभी को चकित किया। आचार्य यास्क तक ने स्वीकारा कि उन्हें वेद के कुछ कठिन गूढ़ शब्दों का अर्थ नहीं मालूम हैं। ऋग्वेद में एक शब्द कहीं प्रसिद्धि के लिए उपयोगित है तो कहीं खाने के लिए। श्री कपाली शास्त्री ने ऋग्वेद में उल्लेखित गो (गाय), सरस्वती आदि सहित बहुत शब्दों का नया अर्थ लिखकर वेद के बारे में भ्रान्तियों को समाप्त करने का प्रयास किया। महामहोपाध्याय श्री श्रीपाद दामोदर सातवेलेकर आदि भी इसी परम्परा में आते हैं। वैदिक देवताओं अग्नि, रुद्र, वायु, उषा, दो अश्विनीकुमार, सूर्य, इन्द्र, वरुण, पूषा आदि के मन्त्रों के बारे में महर्षि रावण, श्री कपाली शास्त्री, महर्षि अरविन्द, म.म. श्री सातवेलेकर, आचार्य भास्कर राय, पं. भगवद दत्त, श्री गुरुदत्त, श्री रेले आदि ने रहस्यों से पर्दा उठाया। वेदों के मन्त्रों की व्याख्या ब्रह्मण ग्रन्थों, अरण्यकों में मिलती है।

यह अवश्य है कि वेदों का रहस्य लोक ऋषियों–मनीषियों के बौद्धिक वर्ग तक सीमित रहा। स्मृति ग्रन्थों पुराणों कथानकों के माध्यम द्वारा इसे आम जन लोक तक पहुंचाने का भागीरथी प्रयास हुआ। वास्तव में 186 उपनिषत् भारतीय संस्कृति–अध्यात्म–धर्म के स्रोत हैं। लेकिन यह भी आवश्यक नहीं है कि सभी उपनिषदों की सभी कथाओं को माना जाए। वेद, ब्रह्मणग्रन्थ, अरण्यों के तात्त्विक ज्ञान को लेकर धार्मिक अध्यात्मिक पुनर्जागरण की आवश्यकता अनुभव की गई।

उपनिषदों का लेखन धार्मिक पुनर्जागरण से ही हुआ। भारतीय वांगमय की 186 से अधिक उपनिषत् धार्मिक पुनर्जागरण का ही हिस्सा हैं।

ऋषियों ने पुरानी स्मृतियों, संहिताओं को समसामयिक संशोधन कर पुनर्जागरण की आधारशिला रखी। जैसे ऋषि याज्ञवल्कय की संहिता में लिखा है कि "सन्यासी नहीं बनें।" यद्यपि उनके विचारों से अन्य स्मृतियों, संहिताओं के रचनाकार असहमत हैं। प्राचीन ऋषियों के स्फोटवाद का वैज्ञानिक अध्ययन ही नहीं हुआ। प्राचीन काल से ऋषि नाद संगीत की चमत्कारिक शक्ति का उपयोग संस्कृत मंत्र, स्तोत्र, सहस्त्रनाम, कवच आदि के पाठ से करते रहे। मंत्र में शब्द का अनुरणन, आरोह, अवरोह नाभिक है। संस्कृत मंत्र आदि के पाठ में अक्षरों का उच्चारण तीन स्वरों में करने का विधान है।

वेद – ऋग्वेद आयोग का गठन : ऋग्वेद–वैदिक संस्कृत–संस्कृति–विज्ञान पुनरोत्थान हेतु

विश्व एवं भारतवर्ष में विशेषकर सर्वकल्याण, सर्वोदय, सर्वमंगल, लोकसंग्रह आदि की धुरी ऋग्वेद है। वैदिक–विचार, दर्शन, अध्यात्म का ज्ञानकाण्ड ऋग्वेद है। उनतालीस लाख वर्ष प्राचीन ज्ञानकाण्ड–ऋग्वेद कर्मकाण्ड रहित है। ऋग्वेद का सबसे सशक्त पक्ष यह है कि इसमें मननशील मनुष्य, पशु, पक्षी, कीट पतंग, जीव–जन्तु, वृक्ष–वनस्पति, भूमि, पर्वत एवं नदी (जड़ और चेतन) के कल्याण की प्रार्थना की गई है। ऋग्वेद में संसार के सभी शुभ विचारों का–ज्ञान का स्वागत किया गया और विश्व परिवार की अवधारणा प्रस्तुत की गई। साथ ही मत्स्य नियम (सर्वावल ऑफ फिटेस्ट) के विचार पर चिन्ता व्यक्त की गई। यहाँ तक की समस्त भौतिक विज्ञान–प्रौद्योगिकी (परमाणु विखण्डन से अंग प्रत्यारोपण) से लेकर राज्य व्यवस्था, अर्थव्यवस्था, समाजविज्ञान आदि का सूत्रात्मक वर्णन ऋग्वेद में है। ऋग्वेद विश्व के हिंसा रहित रहने का पक्षधर है। इस प्रकार विश्व के सभी धर्मशास्त्रों के आचार–विचार–अध्यात्म–दर्शन का मूलाधार ज्ञानकाण्ड–ऋग्वेद है।

सीरिया में 3000 वर्ष पूर्व का ऋग्वैदिक शिलालेख, मित्तानी लिपि में

"वैश्विक अध्यात्मिक गुरु" के रूप में जम्बूद्वीप भारतवर्ष का एकमात्र वेद–ऋग्वेद विगत हजारों–हजारों वर्षों से रहस्यमय पहेली बना है।" ऋग्वेद की संस्कृत (वैदिक संस्कृत) वर्तमान लौकिक संस्कृत से भिन्न है।" वैदिक संस्कृत मूलभूत रूप से–प्रतीकात्मक, संकेतात्मक, कूटात्मक, अभिव्यंजनात्मक, बहुअर्थी (एक ही शब्द के 50 अर्थ तक), सूत्रात्मक, ध्वन्यात्मक, रहस्यात्मक, गूढ़ात्मक, अध्यात्मपरक, दर्शनपरक, अलंकारत्मक, संहत, संक्षिप्त आदि है।

महान् वेदज्ञ लंकेश्वर महर्षि रावण ने "ऋग्वेद का दर्शन परक भाष्य" किया है। महान् शैव अभिनवगुप्त ने तन्त्रालोक (दसवीं शती) में स्पष्ट किया है कि "राव" की दसवीं ध्वनि मोक्षदायक है। यह "राविणी विद्या" है। आचार्य टी. वी. कपाली शास्त्री ने ऋग्वेद के भाष्य की भूमिका में लिखा है कि ऋग्वेद के एक शब्द का एक ऋचा में अर्थ "भोजन सामग्री" और दूसरी ऋचा में अर्थ "प्रसिद्धि" है। ऋग्वेद में सर्वाधिक प्रयुक्त "अश्व" शब्द के प्रमुख अर्थ हैं –

''परमेष्ठी, परम पुरुष, काल, यज्ञ, अग्नि, मन, सूर्य, सोम, सृष्टि, गति, आत्मा, शक्ति, बल, घोड़ा'' आदि।

संस्कृत विश्वविद्यालय : ऋग्वेद विशेषज्ञ विहिन

वैदिक भूमि भारतवर्ष के संस्कृत विश्वविद्यालयों–संस्कृत संस्थानों आदि में शीर्ष पद पर ऋग्वेद में – शास्त्री (स्नातक), आचार्य (स्नातकोत्तर), महाशोध प्रबन्ध (पीएचडी), महामहोपाध्याय (डीलिट) आदि डिग्री धारी नहीं हैं? विश्वविद्यालयों–महाविद्यालयों–संस्थानों में ऋग्वेद के अध्येताओं का अभाव है। लौकिक संस्कृत में न्याय, तन्त्र, रस, वैशेषिकी, काव्य, दर्शन आदि में महाशोध प्रबन्ध (पीएचडी) कर्त्ता हैं। इस विषम परिस्थिति में भारतवर्ष के अध्यात्मिक गौरव के प्रतीक ऋग्वेद का अनुशीलन कौन करे? क्षमा करें! गोविन्द गुरु विश्वविद्यालय में एक समय अंग्रेजी के व्याख्याता को वेद पीठ सौंपी गई थी?

ऋग्वेद की मूल पाण्डुलिपि विदेशी संग्रहालयों में



मित्तानी लिपि में ऋग्वेद के समान ऋचाएँ, सीरिया

चौंकें नहीं! ''लगभग 2300 वर्षों से ऋग्वेद की मूल पाण्डुलिपियाँ विदेशों में है।'' ईसा पूर्व 300 वर्ष पहले यूनानी यवन अलक्जेण्डर (सिकन्दर) ने तत्कालीन भारतवर्ष विजय के लिये आक्रमण किया। इतिहासकारों के अनुसार यवन सेनानी ''अलक्जेण्डर के धार्मिक गुरु ने उनसे भारतवर्ष से ऋषियों द्वारा रचित आर्षग्रन्थ और उनके विद्वान् लाने का निर्देश दिया।'' उस समय ''विश्वविख्यात तक्षशिला विश्वविद्यालय'' आम्बदेश (वर्तमान रावलपिण्डी के समीप) में रहा। आम्बदेश के नरेश आम्बी ने विजेता अलक्जेण्डर से संधि की। यवन आक्रामक ''तक्षशिला विश्वविद्यालय से असंख्य आर्षग्रन्थों (ऋग्वेद सहित) की पाण्डुलिपियाँ और विद्वान् अपने साथ ले गया।'' इतना ही नहीं ''तक्षशिला विश्वविद्यालय के पाण्डुलिपियों के ग्रन्थागार को छह महिने जलाया गया।''

2500 वर्ष प्राचीन : तक्षशिला विश्वविद्यालय, आम्बदेश

इसतरह 2300 वर्ष पूर्व ऋग्वेद आदि की पाण्डुलिपियाँ इन्दुद्वीप (यूरोप) पहुँची। वर्तमान में ग्रीस, जर्मनी, फ्रांस, इंग्लैण्ड आदि के संग्रहालयों में भारतवर्ष की वैदिक धरोहर शोभायमान् है। उन्हें भारतवर्ष लाने की परम आवश्यकता है। यह दुःखद प्रसंग है कि उन्नीसवीं शतीं में स्वामी दयानन्द सरस्वती के गुरु विरजानन्द ने उनसे ऋग्वेद आदि का प्रचार–प्रसार करने को कहा। उन्हें ऋग्वेद जर्मनी से मंगवाना पड़ा। उन्नीसवीं शती में ''एशियाटिक सोसायटी''

ने महान् विद्वान् ''रावणकृत ऋग्वेद'' के भाष्य के कुछ अंश प्रकाशित किये। यह यज्ञप्रश्न है कि ''रावणकृत ऋग्वेद का भाष्य पाण्डुलिपि कहाँ है''?

लॉर्ड मैकाले–मैक्समूलर : वेद विकृतिकरण

लॉर्ड मैकाले का सन् 1838 का ब्रिटिश संसद में भाषण अहम् है। ऋग्वेद में – मातृसंस्कृति–मातृभाषा–मातृभूमि को इळा, भारती एवं सरस्वती की संज्ञा दी गई है। उन्नीसवीं सदी तक भारतवर्ष में वैदिक परम्परा में ''विद्यादान एवं ओषध (चिकित्सा) दान'' जारी रहा। मैकाले की महायोजना के अन्तर्गत वेद का विकृतिकरण किया गया। पश्चिमी विद्वानों ने वेद को आदम प्रलाप कहा। इसी शृंखला में दो विद्वानों ने दो ग्रन्थों में कथित शोध आधार पर घोषित किया कि आर्य उत्तरी ध्रुव अथवा साईबेरिया से आये। परिणामतः आर्य एवं द्रविड अलगाव पैदा किया गया। वेद में ''आर्य'' शब्द का अर्थ ''श्रेष्ठ व्यक्ति'' है। डॉ. सम्पूर्णानन्द ने ''आर्यों के आदिदेश''ग्रन्थ (प्रकाशन सन् 1943) में रहस्योद्घाटन किया कि ऋग्वेद की 39 लाख वर्ष पूर्व दृषद्वती एवं सरस्वती महानदियों के मुहानों पर रचना हुई।

वेद : प्रारम्भ में एक ही वेद

मूल 1,00,000 ऋचाएँ

ऋग्वेद : ज्ञानकाण्ड

21 से अधिक शाखाएँ

3 उपलब्ध, 18 विलुप्त

ऋग्वेद : अधिकारिक भाष्यकार

परमाचार्य लंकेश्वर रावण (अनुपलब्ध) (दर्शन परक), आचार्य सायण, आचार्य टी.वी. कपाली शास्त्री (अध्यात्मपरक, स्पष्ट व्याख्या), स्वामी दयानन्द सरस्वती,

आचार्य श्रीपाद दामोदर सातवलेकर,
आचार्य भगवदत्त
ऋग्वेद ज्ञानकाण्ड की ऋचाएँ
यजुर्वेद एवं सामवेद में हैं।

ब्राह्मण ग्रन्थ

कुल संख्या : 1111
उपलब्ध : 19–20

आरण्यक

कुल संख्या : 1121
उपलब्ध : 9

उपनिषत्

कुल संख्या : 1023
उपलब्ध : 186

ऋग्वेद काल

आर्यों का आदिदेश 39 लाख वर्ष पूर्व
(डॉ. सम्पूर्णानन्द, सन 1943), पश्चिम एशिया एवं ऋग्वेद

श्रुति

वेद त्रयी

ऋग्वेद – ज्ञानखण्ड

यजुर्वेद–कर्मकाण्ड
सामवेद–ऋचा गायन–पाठ
ब्राह्मण ग्रन्थ
आरण्यक
उपनिषत् (186 उपलब्ध)
आथर्वण ऋषि की अथर्व संहिता को इसके बाहर रखा गया है।

उपवेद–वेदांग

उपवेद : 4

आयुर्वेद
धनुर्वेद
गन्धर्ववेद
अथर्ववेद

वेदांग : 6

शिक्षा
व्याकरण
छन्द
निरुक्त
ज्योतिष
कल्प

दर्शन : 6

मीमांसा
न्याय
सांख्य
वैशेषिक
योग
वेदान्त

सूत्र : 2262 कुल

प्रमुख

श्रौत सूत्र

शुल्ब सूत्र

गृह्यसूत्र

धर्मसूत्र

स्मृति : 20 संख्या (विलुप्त 108)

धर्मशास्त्र

याज्ञवल्क्य

पराशर

एवं 25 अन्य

पुराण उपपुराण

महापुराण – 18

उपपुराण – 18

इतिहास

रामायण (अनेक), जैसे कम्ब रामाण आदि।

जय संहिता (8800 श्लोक)

भारत संहिता (25000 श्लोक)

महाभारत (1,00,000 श्लोक)

महाभारत (अनेक, जैसे शबर महाभारत)

200 गीता (200 से अधिक, उपलब्ध 70–90)

निघण्टु

निरुक्त

वैदिक शब्द कोश

कुल 16

उपलब्ध 5

प्रमुख रचयिता : 15

उपमन्यु, गालव, शाकपूणि, कथक्य, कश्यप, शाकाटायन, तैतिकी, गार्ग्य, ओनभव, यास्क आदि। आचार्य यास्क 13वें अथवा 14वें निघण्टुकार माने गये हैं। व्युत्पत्ति, शब्द व्याख्या, स्पष्टीकरण, दुष्टकाव्य, काव्यबंध।

वेदादि कहाँ



2300 वर्ष पूर्व यवन विजेता यूनानी राजा अलक्जेण्डर ने जम्बूद्वीप पर आक्रमण किया। उस समय आम्बदेश, भारतवर्ष का तक्षशिला विश्वविद्यालय विश्वविख्यात रहा। आम्बदेश के राजा आम्बी ने अलक्जेण्डर के सामने समर्पण किया। उल्लेखनीय है कि आक्रमण अलक्जेण्डर अपने साथ तक्षशिला विश्वविद्यालय की वेदादि की

पाण्डुलिपियाँ और उनके विद्वान साथ ले गये। तक्षशिला विश्वविद्यालय में शेष पाण्डुलिपियाँ छह माह जलायी गई। इस तरह ईसा पूर्व 300 वर्ष पहिले वेदादि भारतवर्ष से बाहर गये।



भारद्वाज मुनि

दिव्य शक्ति एवं चमत्कारी संत :
विज्ञान के लिए रहस्य

बीसवीं शती में हिमालय की देवभूमि ज्ञानगंज में दीक्षित परमहंस विशुद्धानन्द सूर्य की शक्ति एवं मन्त्रों से मृत चिड़िया को पुनर्जीवित

करने का चमत्कार दिखाते थे (देखे श्री पॉल ब्रण्टनः सर्च ऑफ सीक्रेट इण्डिया)। परमहंस विशुद्धानन्द सम्यक ध्यान से सैंकड़ों किलोमीटर दूर पहुचने और उपचार करने में सक्षम थे। अथर्ववेद को समर्पित शंकराचार्य ज्योतिष पीठ के पूर्व जगदगुरु शंकराचार्य श्री स्वामी ब्रह्मानन्द सरस्वती भी ज्ञानगंज में गये, परन्तु वापस लौटे। श्री सी. डब्ल्यू. लीडबीटर ने हिमालय में निश्चित दिन परम ब्रह्म ईश्वर के आने का विवरण "मास्टर्स पथ में लिखा। भगवान महादेव रुद्र शिव के पवित्र कैलाश मानसरोवर में भष्म लगाए नंगधड़ंग लंगोटधारे साधु कैसे घूमते हैं? वैदिक मन्त्रों को लोक तक ले जाने के लिए सामान्य हिन्दी में शाबर मन्त्र भी वही चमत्कार रखते हैं। आदिशंकराचार्य और नवनाथ के गुरु गोरक्षनाथ ने अपने समय में धार्मिक पुनर्जागरण का सिंहनादकर भारत को एक सूत्र में पिरोया। देश में उत्तर से सुदूर दक्षिण और पूरब से पश्चिम तक धार्मिक अध्यात्मिक अनुष्ठान, पूजा अर्चना संस्कृत के मंत्रों से ही होती है।

सप्तऋषि

विश्वभर के वैज्ञानिक जमीन के नीचे यूरोप की प्रयोगशाला में ''परमेश्वर तत्त्व'' के अनुसंधान में लगे हैं। वे सूक्ष्म से भी सूक्ष्म परमेश्वर तत्त्व की सृष्टि का जन्मदाता मानकर रहस्य जानने में हैं। क्या परमेश्वर तत्त्व को प्राप्त किया जा सका? भारतीय दर्शन में ब्रह्म अथवा परमेश्वर को सूक्ष्म से भी सूक्ष्मतम और विशाल से भी विराटतम अनन्त रूपाकारवाला स्वीकारा गया है। भारतीय आर्ष ग्रन्थों के अनुसार ब्रह्म के सूक्ष्मतम अदृश्नीय रूप परमशून्य में नाद हुआ और सृष्टि की रचना हुई। इस ब्रह्म को देखा नहीं जा सकता, केवल अनुभूति अन्तःकरण में की जा सकती है।

वास्तव में पश्चिमी जगत की समस्या यह है कि वह भारतीय पराविद्या को प्रयोग के धरातल पर देखना चाहता है। देश में महादेवी श्रीतारा के महातान्त्रिक वामाखेपा चमत्कारिक शक्ति से असाध्य रोगों का उपचार करते थे। स्वामी रामकृष्ण परमहंस ने स्वामी विवेकानन्द में शक्तिपात किया। स्वामी रामकृष्ण परमहंस महाकाली को स्वयं भोजन कराते। यद्यपि वैज्ञानिक सोचवालों को यह दृष्टान्त गल्प लगेंगे।

अंगिरा ऋषि

यह सैंकड़ों वर्षों से रहस्य है कि हिमालय में अदृश्य कौशिकाश्रम, वासिष्ठाश्रम, विश्वमित्राश्रम, ज्ञानगंज, कलापग्राम आदि में हजारों वर्ष की उम्र के साधु कैसे रह रहे हैं? थियोसोफिकल सोसायटी और स्वामी विशुद्धानन्द परमहंस, ज्योतिषपीठ के जगदगुरु शंकराचार्य स्वामी ब्रह्मानन्द सरस्वती आदि के दृष्टान्तों ने इसकी पुष्टि की है। विज्ञान के लिए यह आश्चर्य होगा कि हमारों वर्ष के तपस्वी हिमनद (ग्लेशियर) के बीच कैसे रहते हैं, उनका खानपान, दिनचर्या क्या है? इन चमत्कारी अदृश्य दिखनेवाले आश्रमों में विशेष रूप से चयनित छात्रों को सूर्य विज्ञान, वायु विज्ञान, स्वर विज्ञान, आकाश विद्या, श्रीविद्या, शब्दविद्या, अग्निविद्या, नक्षत्रविद्या आदि की शिक्षा दीक्षा दी जाती रही। विगत में 165 वर्ष शंकराचार्य ज्योतिषपीठ पर पीठाधीश्वर नहीं होने से मठों की दुर्दशा थी। जगदगुरु शंकराचार्य बनते ही श्रीविद्या दीक्षित स्वामी ब्रह्मानन्द सरस्वती ने इस दैविक शक्ति से मठों का जीर्णोद्धार करवाया। यह अवश्य है कि "इन दैविक शक्ति के अदृश्य आश्रमों का कठोर नियम हैं कि जाननेवाला दूसरे को नहीं सिखायेगा।" अतः वाराणसी में सूर्य विज्ञान सिखाने की प्रयोगशाला निर्माण शुरू करते ही ज्ञानगंज से पत्र आया। जिसमें सूर्य विज्ञान सिखाने की प्रक्रिया छेड़ते ही चमत्कारिक शक्ति समापन की चेतावनी दी गई। सो, आज तक काम अधूरा है।

महामहोपाध्याय गोपीनाथ कविराज को मुम्बई के टाटा संस्थान ने असाध्य रोग बताया। म.म. गोपीनाथ कविराज के गुरु ने उनका कुर्ता बनियान उतरवाकर सीने पर हाथ फेरा और रोग गायब हुआ। इसकी कोई वैज्ञानिक व्याख्या नहीं की जा सकती है। इसी क्रम में जयपुर के पूर्व राजगुरु पण्डित विद्यानाथ ओझा की कथा है। राजगुरु पण्डित विद्यानाथ ओझा गठिया के कारण दीवान पर बैठे–बैठे ही लघुशंका पात्र में करते। उन्होंने मंत्रपाठ से सभी पवित्र नदियों का आह्वान किया और कमरा सुगन्धित हुआ।

नाथ योगी भर्तृहरिजी की समाधि पर औघड़ मस्ताबाबा रहा करते थे। मस्ताबाबा आनेवाले के बैठते ही उसकी समस्या हल और पिछली जिन्दगी का बयान करते। वैसे मस्ताबाबा निरक्षर थे, परन्तु कभी कभी

संस्कृत, विशुद्ध हिन्दी और अंग्रेजी में बतियाते। वे श्रीभर्तृहरिनाथ के झरने के पानी और धूणे की भभूत को ही सभी रोग हरनेवाला बताते। उनकी चमत्कारी शक्ति के गवाह जयपुर घराना कथक नृत्य के अन्तिम गुरु पण्ड़ित चरण गिरधर चांद (वर्तमान में सिंगापुर में) है। मर्यादा पुरूषोत्तम राम के गुरु वसिष्ठ मुनि के पौत्र महर्षि पराशर की यज्ञस्थली (मत्स्य) के आश्रम के महन्त प्रेमदास, महन्त जगमोहनदास के भी चमत्कारों के अनेक साक्ष्य हैं। यह बात अलग है कि वैज्ञानिक समाधि के झरने के पानी और भभूत पर प्रश्न करेंगे?

श्री टी.वी. कपाली शास्त्री

महान संत रमण महर्षि ने स्वयं श्री टी.वी. कपाली शास्त्री को सम्बोधित कर बुलाया और सिर एवं शरीर पर हाथ फेरा। श्री टी.वी. कपाली शास्त्री ने ऋग्वेद का भाष्य, श्री रमण गीता सहित 50 अध्यात्मिक ग्रन्थों की रचना की। बाबा नीब करौली, तेलंग स्वामी, लाहड़ी महाशय, स्वामी योगानन्द परमहंस, तंत्र स्वामी रमादत्त शुक्ल, श्रीपीताम्बरापीठ के श्री अनन्तस्वामी आदि सहित अनन्त साधु दैविक चमत्कारिक शक्ति सम्पन्न और हैं। अमेरिकी अरबपति भी बाबा नीब करोली के शिष्य बने। देश के सूफी संतों, जैन संतों की चमत्कारिक शक्तियों की अनेक कथायें सुनी जा सकती हैं।

यह विचारणीय है कि सैकड़ों किलोमीटर दूर बैठे बाबा आँखों देखा आपका हाल कैसे सुनाते हैं? उन्हें कैसे जानकारी मिलती है कि आपके घर परिवार में क्या समस्या है? इसमें पाखण्ड़ी और ढ़ोगियों से दूर रहने या बचने की आवश्यकता हैं। यह सबसे दुखद है कि पराशक्ति तांत्रिक शक्ति के नाम पर पाखण्डियों ने कारोबार फैलाया है। परिणामतः पराविद्या के वास्तविक साधकों को समस्याओं का सामना करना पड़ा है।



श्री अश्विनौ देवता, देव चिकित्सक

वेद में देवताओं के चिकित्सक दो अश्विनी कुमार मानव शरीर पर पशु सिर प्रत्यारोपण, सभी अंग बदलने आदि प्रदर्शन करते रहे। वेद से लेकर

उपनिषद् तक गम्भीर रोगों के उवचार के लिए जड़ी बूटियों का वर्णन मिलता है। इसी विद्या के आधार पर कुछ साधक देश में अस्थमा, पीलिया आदि का जड़ियों से उपचार करते हैं। भारतीय मनीषा में उल्लेख है कि हिमालय में दिव्य जड़ियां मिलती हैं। हिमालय की जड़ी बूटी में सामान्य से अधिक विकिरण (रेडियेशन), खनिज स्टेराइड़ आदि होता है। यह रेडियेशन, स्टेराइड क्यों अभी अनुत्तरित है? मुम्बई के पास समुद्र, द्वारका के पास समुद्र और अयोध्या में भूगर्भ समुद्रतल में हजारों वर्ष प्राचीन शेष होते अवशेष मिले हैं। इनसे मानवीय सभ्यता पांच हजार वर्ष पुरानी होने की पश्चिम की अवधारणा के धुर्रे उड़ते हैं। यह रहस्य खुलना शेष है कि पराविद्या के यंत्र, ताबीज आदि कैसे काम करते हैं ? इसीतरह मंत्र विद्या के साधकों की चमत्कारिक शक्तियों का रहस्य अभी रहस्य बना है।

मध्य काल में सन्त कवियों ने भक्ति के माध्यम से धार्मिक पुनर्जागरण का यज्ञकुण्ड दहकाया। भक्त संतों ने धार्मिक पाखण्ड को जड़ से

उखाड़ फैंकने का प्रयास किया। पिछले 300 वर्षों में ब्रितानी गुलामी के दौरान साधु सन्त स्वतंत्रता के लिए लड़े और शहीद हुए। इन साधु सन्त स्वतन्त्रता सेनानियों का इतिहास कहीं नहीं लिखा गया।



सम्राट चन्द्रगुप्त एवं आचार्य चाणक्य

हमें ईसा पूर्व आचार्य विष्णु गुप्त चाणक्य के कौटल्य के अर्थशास्त्र की रचना को भारतीय बौद्धिक गौरव को प्रतीक कहना चाहिए। हमारे

सांस्कृतिक मूल्यों में शासन के धर्मनीति से चलाने को कहा गया है। धर्म का अर्थ न्यायपूर्ण, सत्य, ऋत आदि लिया जाना चाहिए। यह बात अलग है कि भारतीय वसुधेव कुटम्बकम की अवधारणा को विश्व ने स्वीकारा है। सन 1838 से और विशेष कर स्वतन्त्रता के बाद देश पर आकाश से अपसंस्कृति का प्रचण्ड आक्रमण हुआ। भारतीय सांस्कृतिक के नैतिक मापदण्ड़ों को चीर–चीर किया गया।

वेद से लेकर उपनिषत् ग्रन्थों की उपेक्षा की जा रही है। यह दुर्भाग्य है कि भारतीय विद्या विदेशों से कलर थैरेपी, रेकी के रूप में लौटती है तो उसके लिए पलक पांवड़े बिछाए जाते हैं। यह घर का जोगी जोगणा, आण गांव का सिद्ध कहावत चरितार्थ करती है। इससे अध्यात्मिक सांस्कृतिक धार्मिक पुनर्रोत्थान नहीं होगा? 39 लाख वर्ष पूर्व के वेद, उपनिषद आदि को वर्तमान सन्दर्भ में नवीन दृष्टि को पेश करना समय की मांग है। संस्कृत के विशेष संस्थान इनको लेकर शोध अनुसंधान कर महारथी विद्वान् सृजित करें। वैदिक संस्कृति के रहस्य को मानव जाति के उत्थान के लिए अध्यात्मिक को लोक तक पहुचाने के लिए सांस्कृतिक पुनर्जागरण चले। स्मरण रहे कि भारतीय विचार अध्यात्म है।

अध्यात्म संस्कृति ही भारतीय ऊर्जा, अस्मिता

भारतीय संस्कृति विश्वभर में अन्यतम है। विभिन्न कालखण्डों में विशेष कारणों से यहाँ की ऊर्जा एवं अस्मिता के धूल धूसरित एवं आक्रान्त होने के कारण समय पर अनेक पुनर्जागरण होते रहे हैं। वर्तमान में 19वीं शती में पुनर्जागरण एवं राजनीतिक स्वाधीनता प्राप्त होने को सब कुछ मान लिए जाने से समग्र, सर्वांगीण विकास नहीं हुआ। परिणामस्वरूप मानसिक, शैक्षणिक, सामाजिक एवं आर्थिक समग्र सांस्कृतिक विकास नहीं हुआ। इसका मूलभूत कारण औपनेवैशिक दासतां रही। लॉर्ड मैकाले के ब्रिटिश कालीन कानून, वहीं शिक्षा पद्धति, वही सोच हावी है। हमारी

स्पष्ट मान्यता है कि नेताजी सुभाष चन्द्रबोस, महामना पंडित मदन मोहन मालवीय, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, सरदार पटेल आदि असंख्य स्वप्न दृष्टाओं की परिकल्पना का क्रियान्वन ही नहीं हुआ। जिससे भारतीय सांस्कृतिक जागरण समग्र रूप में उद्घाटित हो सके। भारतीय अध्यात्मिक मनीषा एवं ऊर्जा, प्रतिभा को पुनर्स्थापित किया जा सके।



श्वेताश्वतर उपनिषत्

यहाँ उल्लेखनीय है कि अध्यात्म पुनर्जागरण हमारा स्वभाव एवं आवश्यकता है। हमारे बाह्य ऐन्द्रिक जागरण के साथ साथ बौद्धिक, मानसिक, चेतनागत सांस्कृतिक, अध्यात्मिक सौन्दर्य अपेक्षित होता है। इसीलिए श्रुति देववाणी वेद में जागृयाम पुरोहिताः का सिंहनाद किया गया। वर्तमान में अध्यात्मिक सांस्कृतिक संक्रमण एवं क्षरण बहुत तेज गतिसे हो रहा है। यह बहुत चिन्ता का विषय है। यही अध्यात्म भारतीय का प्राण तत्त्व है। यही अध्यात्म जिजीविषा का आधार है। यह विडम्बना है कि सतही रूप से धार्मिक, अध्यात्मिक प्रचार – प्रसार चौतरफा दिखाई देता है। इसके विपरीत तत्त्वतः बाजारवाद, मनोरंजनपरकता, व्यावसायिकता, कारोबारीवाद के भीषण प्रहार के फलस्वरूप भारतीय अध्यात्मिक स्वरूप, ऊर्जास्विता लुप्त हो रहे हैं। इसे पुनः प्रतिष्ठित करने के लिए नवपुनर्जागरण की महती आवश्यकता है।

चमत्कारिक दैविक अध्यात्मिक ग्रन्थ एवं संगीत भारतीय विचार

विश्व में सांस्कृतिक रक्तरंजित महासंघर्षों में एक बार फिर अध्यात्मिक ग्रन्थ एवं संगीत ही आशा की किरण बना है। अध्यात्मिक संगीत हृदय को उद्दात बनाता है। उपासना में संगीत अनुरंजन से देव साक्षात प्रकट होते हैं। विश्व के अध्यामिक गुरु रहे भारतवर्ष के चमत्कारी दिव्य अध्यात्मिक संगीत पर सभी की दृष्टी केन्द्रीत है। प्राचीन जम्बूद्वीप भरतखण्ड में वैदिक काल में आत्मदृष्टा ऋषियों ने अन्तर मुखी होकर ही सीधे ब्रह्म से वेद को श्रुति के रूप में प्राप्त किया। प्रथम ऋग्वेद–ज्ञानकाण्ड में देव स्तुतियों के मन्त्रों से साक्षात्कार होता है। मानवशास्त्रीय अध्ययन से पता चलता है कि यूनान, सुमेरिया, असीरिया, हित्ति, मित्तानी, पर्थिया, माया, इंका, ईरान से साईबेरिया, उत्तरीध्रुव, चीन, कम्बदेश, श्यामदेश, मलाया से भारतवर्ष तक स्वर विज्ञान की ध्वनि में समानता मिलती है। बौद्ध धर्म, जैन धर्म और सनातन धर्म के मन्त्रों, स्तोत्रों, स्तुतियों आदि में स्वर के उच्चारण अनुरंजन, आरोह, अवरोह का बहुत महत्व है।

"भारतीय अध्यात्मिक चिन्तन आस्था एवं विश्वास पर आधारित है, वहीं पश्चिम उसे विज्ञान की कसौटी पर परखना चाहता है।" आर्ष ग्रन्थों में "मन्त्रं चित्तं, चित्तं मन्त्र" लिखा है। यानी मन्त्र ही चित्त है और चित्त मंत्र है। मंत्र का अर्थ मन को संकट, समस्या से मुक्ति त्राण दिलवाना है। अध्यात्मिक संगीत के मन्त्र, स्तोत्र, स्तुति, अथर्वशीर्ष, देवकवच, ईश्वर सहस्त्रनाम, सहस्त्रनाममाला, गायत्री, देवीसप्तशती, अष्टोतरशतनाम, दारूणसप्तक, देव हृदय, शान्ति स्तोत्र, रुद्राभिषेक रुद्री,भजन, संकीर्तन, भक्ति काव्य, बौद्ध मन्त्र, जैन मन्त्र, शाबर मन्त्र आदि का पाठ अथवा श्रवण सकारात्क विधायिकी ऊर्जा शक्ति का प्रवाह लाता है। उपासना में मन्त्र के निरन्तर जप से सकारात्मक शक्ति केन्द्रित होती है।

गन्धर्व

एकाक्षरनामकोश संग्रह, श्रीवीरशरभसालुव तन्त्रम में मातृका के देवता और मातृकार्णतव तन्त्र आदि में अक्षरमाला की दिव्य शक्ति और देवताओं के रहस्य का वर्णन है। उदाहरण के लिए भारतवर्ष से मिस्र तक प्रत्यक्ष देव सूर्य का बीजाक्षर एक ही है। प्राचीन ग्रन्थों के अनुसार तपस्वी ऋषियों ने वर्षों की साधना के बाद आकाश में (अन्तःकरण, हृदय) अक्षर ब्रह्म का साक्षात दर्शन किया। जिसे एकाक्षरनामकोश संग्रह में स्पष्ट गया है। जम्बूद्वीप में ही केवल ऋषियों ने 39 लाख वर्ष पूर्व अक्षर की शक्ति और ध्वनि विज्ञान को सिद्ध किया। सम्यक ध्यान को संध्या का स्वरूप दिया। ऋषियों ने साधना के दौरान अक्षरोंवाले मंन्त्रों के स्वरों को भी निश्चित किया। जिसके अनुसार तीव्र, मध्यम और मन्द्र स्वर में मन्त्र के अक्षरों के उच्चारण की व्यवस्था की। अर्थात अनुरंजन की शक्ति के द्वारा देवत्व प्राप्त किया।

ऋषियों–मनीषियों की स्पष्ट मान्यता रही कि ''मन्त्र आदि के पाठ से पहले उसका अर्थ जानना आवश्यक है। मन्त्र के अर्थ समझकर जप से उसकी शक्ति अधिक जाग्रत होती है।'' इसके अलावा मन्त्र का शुद्ध और निर्धारित स्वरों में जप करना भी अनिवार्य शर्त है। उदाहरण के लिए महर्षि वाल्मीकि के नौ घण्टे की सुन्दरकाण्ड का सस्वर पाठ हो। अध्येताओं ने स्पष्ट रूप से गायन की अनुमति नहीं दी है। दूसरे, ''अशुद्ध पाठ से अर्थ का अनर्थ होना टाला नहीं जा सकता है।'' दक्षिण में तिरूपति देवालय में श्रीवरुण यज्ञ से अभूतपूर्व वर्षा का विवरण पूर्व प्रधानमंत्री के पूर्व सूचना सलाहकार श्री पी.वी. रामाकृष्ण प्रसाद ने अपनी पुस्तक में किया है। वेद से लेकर तन्त्र शास्त्र में स्तुतियों को विधान शास्त्रीय रूप दिया। ''वैदिक ग्रन्थों के अनुसार अध्यात्मिक संगीत से सकारात्मक ऊर्जा का प्रचण्ड कम्पन उत्पन्न होकर चमत्कारिक कार्य करता है।'' यह समझा जाता है कि देवभूमि हिमालय के कलाप क्षेत्र में अट्ठाईसवाँ वैवस्त मनु का निवास है। हम इस बहस में नहीं जाना चाहते कि यह मान्यता क्या है? देश में मन्त्रों से लेकर सहस्त्रनामों की दिव्यशक्ति में आस्थावानों की बहुसंख्या है।

श्रीशाबर मन्त्रों की शक्ति के बारे में वैदिक ग्रन्थों से लेकर गोस्वामी तुलसीदास की रामचरित मानस में उल्लेख मिलता है। नाथ सम्प्रदाय के सिद्धों के श्रीशाबर मन्त्रों का जादू जग जाहिर है। लेकिन श्रीशाबर मन्त्रों का अर्थ खोजना आकाश कुसुम तोड़ने के समान है। वैदिक मन्त्रों के अपने अर्थ हैं। इसीकारण वेदों के ही समय लोक में ब्राह्मी, पाली और प्राकृत भाषा लोक में प्रिय होकर प्रचलन में रही। बौद्ध धर्म दर्शन के मूल ग्रन्थ पाली और जैन धर्म दर्शन के प्राकृत में हैं। भारतीय आर्ष ग्रन्थों के चमत्कारिक दिव्य मन्त्रों को तिब्बत की भोटिया में गोपनीय रखा गया। यह अवश्य है कि देश, काल, परिस्थिति के अनुसार मन्त्रों का स्वरूप बदलता गया। ''भारतीय मनीषा में साफ तौर पर कहा गया कि काल की दिशा केवल ज्ञानी ही घुमा सकते हैं। ज्ञानी ही काल पर सवार होते हैं।''

संध्योपासना में स्तुति से पहले विश्व, राष्ट्र की पूर्ण जानकारी देने का प्रचलन रहा। भारतीय भक्ति उपासना भक्त को दूसरे भाव लोक में जाती है। भक्ति में संकीर्तन, भजन आदि आन्तरिक निराशा, हीनभावना, गहरे मनोवसाद को निकाल फैंकते हैं। "वर्तमान औद्योगिक क्रान्ति के चौथे चरण में चौतरफा मानसिक तनाव, अवसाद में संगीत भावातीत समाधि और आन्तरिक चेतना के प्रस्फुरण में सक्षम है।" उल्लेखनीय है कि विश्व में सर्वप्रथम भारतवर्ष में सूर्य विज्ञान, गणित की गणना अपने शिखर पर पहुँची। सूर्य विज्ञानविद ऋषियों ने सभी ग्रहों, नक्षत्रों का सटीक वर्णन लाखों–हजारों वर्ष पूर्व किया। जिसे ईसा बाद पश्चिम ने वैज्ञानिक शोध में सही पाया। इन ग्रहों की स्तुतियों के मन्त्रों से वैज्ञानिक चकित हैं। वैज्ञानिक शोध से रहस्योद्घाटन हुआ कि हजारों वर्ष पहले पाठ किए मन्त्र आदि ब्रह्माण्ड में विद्यमान हैं। उन्हे पुनः सुने जाने के प्रयास जारी हैं। योगीराज रुद्र ने श्रीगीता में अक्षर को ही ब्रह्म और स्व के भाव में लौटने को अध्यात्म कहा। आदिशंकराचार्य ने ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद के ज्ञान के प्रसार के लिए पीठों की स्थापना की।

आज देश में संस्कृत एवं स्वय विज्ञान की सही जानकारी नहीं होने से मन्त्रों से स्तुतियों को लेकर संशय की स्थिति पैदा हुई है। हमें अपनी जड़ों की और लौटते हुए अध्यात्मिक संगीत के पुनर्जागरण की आवश्यकता है। यह स्मरण रहे कि अध्यात्मिक संगीत के पाठ, जप के साथ उसके अर्थ और व्याख्या भाष्य की जानकारी होना मूलभूत शर्त है। इसी उद्देश्य में देशभर में अनेक स्थानों पर टुकड़े टुकड़ों में निस्वार्थी ऋषिवत लगे हैं। परन्तु ये प्रयास अध्यात्मिक सांस्कृतिक पुनर्जागरण के सूत्रधार नहीं बन पाये हैं। यह बहुत ही आनन्ददायक है कि इन अध्यात्मिक ग्रन्थों के अलावा मन्त्रों, स्तुतियों, अष्टोतरशतनामों, स्तोत्रों, सहस्त्रनामों, सहस्त्रनामावली, अष्टकों, रक्षा स्तोत्रों, स्तवों, चालीसाओं, अथर्वशीर्षों, खड़कमाला स्तोत्रों, पंचदशियों, सप्तशती, रक्षाकवचों, पंचकम, सूक्तों, सौन्दर्य लहरी–आनन्दलहरी, विविध देव स्तोत्रों, प्रकीर्ण स्तोत्रों, वेद ऋचा पाठों, शाबर मन्त्रों, भजनों, भक्ति काव्यों, संकीर्तनों, जैन मन्त्र, बौद्ध मन्त्र आदि के विशुद्ध पाठकर्त्ता आज भी उपलब्ध हैं। उनके वैदिक स्वर सम्मत पाठ को आम जन, विशेषकर 21 से 50 वर्ष के करोड़ों

युवाओं तक पहुंचाने के भागीरथी उद्देश्य से अध्यात्मिक ग्रन्थ एवं संगीत सौंपान का आयोजन किया जाना चाहिये। ताकि युवॉ पीढ़ी का अध्यात्मिक ग्रन्थों एवं संगीत के दिव्य आनन्द से साक्षात्कार हो। हमारी दृढ़ मान्यता है कि अध्यात्मिक संगीत विशुद्ध भारत का विचार है। भारतीय जन की आत्मा बसती है। आओं, हम साथ मिलकर दिव्य अध्यात्मिक ग्रन्थों एवं संगीत के भारतीय विचार के जनसेवक बनें।

अध्यात्म ग्रन्थ और संगीत

भारतीय अध्यात्म का ग्रन्थ एवं संगीत से अंतरंग सम्बन्ध है। "अध्यात्म सूक्ष्म अन्तः चेतना का विषय है। संगीत इसी चेतना को संवेदित करता है।" वैदिक सूक्त भी गेय हैं, संगीतमय हैं। सामवेद संगीत प्रधान है। वेदानां सामवेदोऽस्मिक कहकर संगीत के महत्व को प्रदर्शित किया गया है। अध्यात्म में प्रणव साधना, चक्र साधना, योग साधना, उपासना, अराधना भी अनुरणन, लयात्मकता, स्वर साधना, कम्पन, संवेदन का विशिष्ट महत्व है। संगीत भी मूलरूप से स्वर साधना पर आश्रित है। संगीत से प्राण चेतना, अध्यात्मिक चैतना एवं चित् तत्त्व से सम्बन्ध बनाया जाता है। सहजयोग भी अध्यात्मिकता का सहज मार्ग है।

संगीत से स्थावर जंगम प्रकृति में व्याप्त सूक्ष्म चेतना सक्रिय एवं जाग्रत होती है। इस लक्ष्य तथ्य को वैज्ञानिकों ने भी स्वीकारा है। मानवीय चेतना तो विशेष रूप से संगीत के माध्यम से ही सबसे अधिक उद्‌बुद्ध होती है। संगीत के माध्यम से सहज रूप से कुण्डलिनी का जागरण एवं समाधि प्राप्त हो जाती है। संगीत से अन्तर्जगत में अन्तर्मुखी होकर ब्रह्म तत्त्व को प्राप्त किया जा सकता है। इसीलिए स्वामी हरिदास, संगीत सम्राट तानसेन, श्री अमीर खुसरो, मीराबाई और दक्षिण से लेकर काश्मीर, अरुणाचल से गुजरात तक संगीत आचार्यों, भक्तों ने गीत, पद, स्तोत्र आदि के गायन को अध्यात्मिकता का अंग कहा। विभिन्न राग

रागनियों की संरचना भी विशुद्ध अध्यात्म की दृष्टि से की गई हैं। सम्पूर्ण शास्त्रीय संगीत साधना का आधार अध्यात्मिकता है।

हमारी स्पष्ट मान्यता है कि अध्यात्मिक संगीत सही मायने में अक्षरोपासना है। यह कहने की आवश्यकता नहीं कि "अक्षर ही ब्रह्म है और अध्यात्म है।" स्वाध्याय ब्रह्मयज्ञ है। गीता में कहा गया है : अक्षरं परमं ब्रह्म। यही अक्षरोपासना परा विद्या है। हम अध्यात्म के स्वरूप को विविध रूप में विवेचित कर सकते हैं। इसीलिए कहा गया हैः समत्वं योग उच्यते। हमारा प्रयास यह है कि अध्यात्मिक संगीत की उपादेयता पर शोध किया जाए। इसका दिव्य आनन्द भारतीय प्राप्त करें। दूसरे शब्दों में अध्यात्मिक कसौटी पर अध्यात्मिक संगीत की उपादेयता को व्यावहारिक स्तर पर प्रस्तुत किया जा सके। इस प्रयास के द्वारा अध्यात्मिक संगीत की उपादेयता को रेखांकित किया जा सकेगा। यह भी प्रदर्शित होगा कि अक्षर ब्रह्म के स्वर की चमत्कारिक दिव्य शक्ति कितनी क्या है? अध्यात्मिक ग्रन्थ एवं संगीत पुनर्जागरण पहला कदम है।

भारतीय विचार : जम्बूद्वीप

भारतवर्ष के अध्यात्मिक ग्रन्थ विश्व की सांस्कृतिक धरोहर है। अध्यात्म का उद्देश्य व्यक्तित्त्व के नैतिक विकास से है। प्राचीन काल में देश में भौतिक एवं अध्यात्मिक उन्नति चरम शिखर पर रही। अध्यात्म में उपासना और नैतिकता दोनों ही एक दूसरे की पूरक रही। देश में वैदिक युग से नाद ब्रह्म के स्फोटवाद के अहम् को स्वीकारा गया। वैदिक काल में अक्षर ब्रह्म स्वर के दिव्य देवों की शक्ति की व्याख्या की गई। ऋग्वेद के अनुसरण में प्राचीन इतिहास के ग्रन्थों रामायण एवं महाभारत में अक्षर को ही परम ब्रह्म कहा गया। इसी के आधार पर

अध्यात्मिक ग्रन्थों के मन्त्रों, स्तुतियों, अष्टकों, अष्टोत्तर शतनामों, पंचदशियों, सप्तशती, अथर्वशीर्षों, सूक्तों, रक्षास्तोत्रों, प्रकीर्ण स्तोत्रों, सौन्दर्यलहरी–आनन्दलहरी–शिवानन्द लहरी, वैदिक ऋचाओं, जैन मन्त्र, बौद्ध मन्त्र, शाबर मंत्रों, भक्ति काव्यों, कीर्तन, भजन संकीर्तन, बौद्ध, जैन पारसी, सिख, ईसाई, सूफी आदि के चमत्कारिक प्रभाव का रहस्यलोक है।



हमारी दृढ़ मान्यता है कि वर्तमान में वैश्विक महासंकट से उत्पन्न आत्मघाति निराशा, मानसिक अवसाद, मानसिक विक्षोभ से एकमात्र अध्यात्मिक ग्रन्थों में वर्णित ज्ञान ही मुक्ति दिलवाने की दिव्य

शक्तिरखता है। यह दुःख और चिन्ता का विषय है कि अध्यात्मिक ग्रन्थों के विशुद्ध नियमानुसार पाठ करनेवाले निरन्तर कम हो रहे हैं। यह यक्षप्रश्न है कि भारतीय विचार वैदिक एवं श्रमण परम्परा के ऋषियों की सांस्कृतिक धरोहर को कैसे सुरक्षित रखा जाए? विश्व के अध्यात्मिक गुरु भारत का अध्यात्मिक संगीत स्वर की अलौकिक महाशक्तियों का अनन्त भण्डार है।

प्रकाशकों के सूचीपत्रों का राष्ट्रीय रजिस्टर

श्री नीलकण्ठ ज्ञानगंज शोध सन्दर्भ के लिए आर्ष ग्रन्थ श्रुति–वेद, ब्राह्मण, आरण्यक, स्मृति, संहिता, नीति, उपनिषद एवं स्मृति–पुराण, इतिहासः रामायण, जय संहिता, भारत संहिता, गीता और तन्त्र एकत्र करते समय अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ा। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि अनेक प्रकाशकों के सूचीपत्रों में बहुत से ग्रन्थ या तो उपलब्ध नहीं थे अथवा काल के ग्रास बन चुके थे। देशभर के संस्कृत, भारतीय भाषाओं के अध्यात्मिक धार्मिक प्रकाशकों से पुस्तक मंगवाना कभी–कभी आसमान के तारे तोड़ने के समान था। आर्ष ग्रन्थ मंगवाने से पहले पुस्तक के शीर्षक से विषयवस्तु की जानकारी नही के बराबर मिलने से भी नई समस्या उत्पन्न होती रही। केन्द्रीय राजधानी दिल्ली तक में सभी प्रकाशकों के सूचीपत्र उपलब्ध नहीं है। ऐसे में प्रदेशों की राजधानियों एवं जिला मुख्ययालयों में प्रमाणिक अध्यात्मिक धार्मिक ग्रन्थों के सूचीपत्र कहाँ मिलेंगे? क्षमा करें! ऑनलाईन इण्टरनेट से भी प्रमुख आर्ष ग्रन्थ नहीं मिले।

हमारी दृढ़ मान्यता है कि विश्व के अध्यात्मिक गुरु भारत की अध्यात्मिक सांस्कृतिक धरोहर की रक्षा समय की मांग है। इसी उद्देश्य से देशभर के अध्यात्मिक धार्मिक प्रकाशकों (लगभग 262) को लगातार पत्र भेजकर राष्ट्रीय रजिस्टर के लिए सूचीपत्र मांगे गए। देश के प्रमुख 600 जिलों

के दण्डनायक जिलाधीश, पुलिस कप्तान, जिला बार एसोसियेशन से जिलों से प्रकाशित आर्ष ग्रन्थों की जानकारी में सहयोग मांगा गया। सभी प्रदेशों–संघीय क्षेत्रों के राज्यपाल, मुख्यमंत्री, उच्च न्यायालय के प्रधान न्यायधीश, मुख्य सचिव, देवस्थान सचिव, कला–संस्कृति सचिव आदि से पत्र भेजकर सहयोग की अपेक्षा की। इसके अलावा देश के 285 विश्वविद्यालयों के संस्कृत विभागों, शिक्षक संघों, छात्र संघों को भी पत्र भेजा गया। केन्द्रीय सरकार के विभागों–मंत्रालयों को पत्र भेजकर सहयोग की आकांक्षा की गई। इस सम्पूर्ण प्रक्रिया में 7500 पत्र भेजे गए।

हमारा प्रयास यह भी रहा कि देश में अनुपलब्ध अथवा दशकों से प्रकाशनाधीन दुर्लभ आर्ष ग्रन्थों का विवरण भी सूचीपत्र में सम्मिलित हो। शोध अन्वेषण अनुसंधान से इन दुर्लभ ग्रन्थों की अमूल्य कृति प्राप्त करने का जतन भी जारी है। हमारी स्पष्ट मान्यता है कि इन दुर्लभ आर्ष रचनाओं की अध्यात्म की दिव्यधारा का आनन्द रसास्वादन विश्वभर के अध्यात्म प्रेमी कर सकें और अध्यात्मिक आनन्द के भावातीत लोक में स्वच्छन्द विचरण करें।

शोध अनुसंधान प्रक्रिया से निम्न अध्यात्मिक धार्मिक ब्रह्मज्ञान प्रकाशकों के सूचीपत्र राष्ट्रीय सूचीपत्र रजिस्टर के अंग बने।

<u>महासूची पत्र में सम्मिलित प्रकाशकों में प्रमुख निम्न है</u> :

1. स्वाध्याय मण्डल, पारडी
2. वैदिक समाशोधन मण्डल, पूणे
3. आनन्द आश्रम, पूणे
4. भण्डारकर ओरियन्टल रिसर्च इन्स्टीट्यूट, पूणे
5. राजस्थान प्राच्य विद्या संस्थान, जोधपुर
6. अरविन्द आश्रम संस्थान, पुदुच्चेरी
7. थियोसोफिकल सोसायटी हिन्दी प्रकाशन, वाराणसी
8. दा एशियाटिक सोसायटी, कोलकाता
9. तिरूपति देवस्थान, तिरूपति
10. श्रीअरविन्द कपाली शास्त्री वैदिक संस्कृति शोध संस्थान, बंगलुरू

11. श्रीकृष्ण जन्मभूमि सेवा संस्थान, मथुरा
12. नाग प्रकाशन, दिल्ली
13. मोतीलाल बनारसीदास, दिल्ली
14. चौखम्बा संस्कृत प्रकाशन, दिल्ली/वाराणसी
15. वैदिक वांगमय प्रकाशन, प्रयाग
16. कल्याण मन्दिर प्रकाशन, इलाहबाद
17. अमर स्वामी प्रकाशन, दिल्ली
18. अद्वैत आश्रम प्रकाशन, कोलकात्ता
19. विजयकुमार गोविन्दराम हासानंद, दिल्ली
20. सेन्ट्रल चिन्मय मिशन प्रकाशन
21. हिन्दुस्तानी अकादमी, इलाहबाद
22. उत्तर प्रदेश हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, लखनऊ
23. बिहार राष्ट्रभाषा परिषद, पटना
24. होप प्रकाशन, दिल्ली, गुडगांव
25. जनगणना विभाग, जयपुर
26. जगदीश संस्कृत पुस्तकालय, जयपुर
27. हंसा प्रकाशन, जयपुर
28. नागरी प्रचारणी सभा, वाराणसी
29. हिन्दी साहित्य सम्मेलन, इलाहबाद
30. श्रीपीताम्बरा संस्कृत परिषद, दतिया
31. मुंशीलाल मनोहरलाल, दिल्ली
32. विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी
33. ओशो प्रकाशन
34. मेघ प्रकाशन, दिल्ली
35. डायमण्ड बुक्स, दिल्ली
36. लोकभारती प्रकाशन, इलाहबाद
37. आदित्य प्रकाशन, दिल्ली
38. प्रभात प्रकाशन, दिल्ली
39. ओरियन्टल इन्स्टीट्यूट (एमएस यूनविर्सिटी), बडोदरा
40. श्रीगोरखनाथ मन्दिर प्रकाशन, गोरखपुर
41. श्री शंकराचार्य शारदापीठ, द्वारका

42. सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, काशी
43. राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान, दिल्ली
44. भुवनवाणी ट्रस्ट, लखनऊ
45. तेजकुमार बुक डिपो, लखनऊ
46. हिन्दी प्रचारक संस्थान प्रा.लि., वाराणसी
47. भारतीय विद्या भवन, मुम्बई
48. वेंकटेश्वर प्रेस, मुम्बई–थाणे
49. निर्णय सागर प्रेस, मुम्बई
50. आर्कियोजिकल सर्वे आफ इण्डिया, दिल्ली
51. बिहार स्कूल ऑफ योग, मुंगेर
52. इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र, दिल्ली
53. संस्कृति संस्थान, बरेली
54. लिटरेरी सर्किल, जयपुर
55. इन्द्र प्रकाशन, भोपाल
56. सत्यम पब्लिशिंग हाऊस, दिल्ली
57. राजकमल प्रकाशन, दिल्ली
58. किताबघर, दिल्ली
59. साहित्य शोध संस्थान, दिल्ली (श्री रविन्द्र सेठ)
60. रामलाल कपूर ट्रस्ट, हरियाणा
61. न्यू भारतीय बुक कॉरपोरेशन, दिल्ली
62. युग निर्माण योजना, मथुरा
63. श्री सरस्वती सदन, दिल्ली (श्रीसत्यकेतु विद्यालंकार)
64. इण्डियन प्रेस
65. सस्ता साहित्य मण्डल, दिल्ली
66. आयुर्वेद संस्कृत हिन्दी पुस्तक भण्डार, जयपुर
67. शिवालिक प्रकाशन, दिल्ली
68. श्रीवल्लभाचार्य ट्रस्ट प्रकाशन, माण्डवी, कच्छ
69. देवत्त वेदान्त फाउण्डेशन, बंगलूरू
70. जम्मू काश्मीर संस्कृति भाषा विभाग, श्रीनगर
71. श्री रामतीर्थ प्रकाशन, दिल्ली
72. ईस्टर्न बुक लिंकर्स, दिल्ली

73. भारतीय विद्या प्रकाशन, दिल्ली–वाराणसी
74. हिन्दी साहित्य सदन, दिल्ली (श्री गुरुदत्त)
75. भारतीय ज्ञानपीठ, दिल्ली
76. राधाकृष्ण धानुका प्रकाशन
77. वाणीविलास प्रेस, श्रीरंगम
78. भारत धर्म महामण्डल
79. भारती भण्डार, इलाहबाद
80. जानकी प्रकाशन, पटना
81. कोरनेशन प्रेस
82. विद्याश्रीन्यास
83. यदुवंशन्यास
84. वास्तु वांगमय प्रकाशन



Kindly visit us at;

https://archive.org/details/@adhyatmik_punarjagran

आर्षग्रन्थ पाण्डुलिपि



भारतीय मनीषा की धरोहर को तक्षशिला विश्वविद्यालय (2500 वर्ष प्राचीन) (वर्तमान में पाकिस्तान में) पुस्तकालय और नालन्दा विश्वविद्यालय पुस्ताकालय को अग्नि में स्वाहा करके नष्ट करने का प्रयास किया गया। वर्तमान में अनेक भारतीय आर्ष ग्रन्थों की अमूल्य पाण्डुलिपियाँ एवं मूल कृतियाँ यूरोप आदि के संग्रहालयों में मिलती हैं। विगत ढाई हजार वर्षों में असंख्य पाण्डुलिपियाँ अवैध रूप से विदेशों में जाती रही। यह सौभाग्य का विषय है कि श्रृति स्मृति परम्परा के कारण नव पाण्डुलिपियों का सृजन हुआ। यह बात अलग है कि आज भी अनगिनत विषयों की पाण्डुलिपियाँ या तो विदेशों में हैं या विलुप्त हैं।

पाण्डुलिपियों के संग्रह की दिशा में दा थियोसोफिकल सोसायटी ऑफ इण्डिया, आनन्द आश्रम, दा एशियाटिक सोसायटी, देशभर के संग्रहालयों, जयपुर के पूर्व राजा के पोथीखाने, सीतामऊ के राजकुमार रघुवीर सिंह, स्वाध्याय मण्डल, भण्डारकर ओरियेन्टल रिसर्च इन्स्टीटयूट, डॉ. सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, राजस्थान प्राच्य विद्या संस्थान, अजमेर शरीफ के दीवान, श्रीलक्ष्मणजू महाराज आश्रम, भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण, गवर्नमेन्ट ओरियन्टल मेनुसक्रिप्ट लाइब्रेरी (मद्रास चेन्नई), जैन

विश्व भारती (लाडनू), परमार्थ न्यास, वृन्दावन शोध संस्थान, संजय स्मृति संस्थान, सरस्वती शोध संस्थान, दतिया शोध संस्थान, आदि ने अभूतपूर्व कार्य किया। श्री जिनविजय मुनि ने सन 1950 में राजस्थान प्राच्य विद्या संस्थान की स्थापना के साथ देशभर में पाण्डुलिपि संग्रह का महाभियान छेड़ा। वर्तमान में राजस्थान प्राच्य विद्या संस्थान में लगभग सवा लाख पाण्डुलिपियाँ संग्रहित हैं। श्रीजिनविजय मुनि को हम नमन करते हैं।

यहाँ यह लिखना प्रासंगिक होगा कि देश भर के मन्दिरों, प्राचीन इस्लामी–ईसाई पूजागृहों, प्राचीन जैन स्थानकों, प्राचीन बौद्ध मठों, पारसी पूजाघरों आदि में लाखों की संख्या में पाण्डुलिपियाँ अभी भी सुरक्षित हैं। उत्तरी पश्चिमी भारत, दक्षिणी भारत, पूरबी भारत, मध्य भारत, उत्तरी भारत के सुदूर गांवों के मठों और हवेलियों में पाण्डुलिपियों के खजाने हैं। इन खजानों में दुर्लभ ग्रन्थ हैं। समस्या यह है कि इनको एकत्रित करने के लिए मुनि जिनविजय सरीखा समर्पित निःस्पृह निःस्वार्थ धर्मयोद्धा की आवश्यकता है। निरन्तर प्रयास से ही इन पाण्डुलिपियों का सार्वजनिक किया जा सकता है और उनके अध्यात्म रस का आनन्द सभी को मिल सकेगा।

यह सबसे अहम् है कि चर्चित आर्ष ग्रन्थ जैसे श्री निम्बाकादित्याचार्य के पिता श्री अरुण ऋषि की अरुण संहिता (संग्रहकर्ता श्री हवेलीराम जोशी), अरुण स्मृति, सुदर्शन संहिता, सुदर्शन स्मृति, सुदर्शन चक्र (ज्योतिष), सौर संहिता, अगस्त्यमुनि की अगस्त्य संहिता, यंत्र सर्वस्व आदि सहित असंख्य पाण्डुलितियों का प्रकाशन शेष है। यह स्मरण रहे कि पाण्डुलिपियों का पठन एवं लेखन एक विशेषज्ञता की दक्षता है। इसमें तत्कालीन प्रचलित संस्कृत, प्राकृत, शारदा लिपि, ब्राह्मी लिपि, अरबी, पारसी, बांगला, तमिल, तेलुगु, कन्नड़, असमी, मैथली, मराठी, गुजराती, काश्मीरी आदि का ज्ञान भी आवश्यक है। विद्वानों के अनुसार दो हजार, एक हजार अथवा पांच सौ वर्ष पुरानी संस्कृत वर्तमान से भिन्न है। स्पष्ट है कि लिपिबद्ध करनेवाला संस्कृत एवं पाण्डुलिपिविद् हों। हम हमें उपलब्ध पाण्डुलिपियों के सूचीपत्र दे रहे हैं। प्रकारान्तर में प्राप्त सूची पत्रों को सम्मिलित करने की परियोजना है।

देश भर में कुल पाण्डुलिपि विवरण

क्र.सं.	पाण्डुलिपि संस्थान	पाण्डुलिपि सं०
1.	सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी	1,40,000
2.	राजस्थान प्राच्य विद्या संस्थान, जोधपुर	1,16,123
3.	गवर्नमेंट ओरियन्टल मेनुस्क्रिप्ट लाईब्रेरी, चेन्नई	72,620
4.	टीएसएसएम, तंजावूर	47,625
5.	अडयार लाईब्रेरी एण्ड रिसर्च सेन्टर, चेन्नई	40,000
6.	ओडिशा स्टेट म्यूजियम, भुवनेश्वर	37,000
7.	एशियाटिक सोसायटी, कोलकात्ता	32,000
8.	आन्ध्रप्रदेश ओरियन्टल मुख्य लाईब्रेरी	23,115
9.	खुदाबख्श ओरियन्टल पब्लिक लाईब्रेरी, पटना	20,060
10.	सिंधिया ओरियन्टल रिसर्च इन्स्टीट्यूट, उज्जैन	18,695
11.	पंजाब विश्वविद्यालय, चण्डीगढ़	18,395
12.	विश्वभारती विश्वविद्यालय, शान्ति निकेतन	15,354
13.	रामपुर रजा लाईब्रेरी, रामपुर	15,000
14.	राजस्थान राज्य अभिलेखागार, बीकानेर	14,000
15.	कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत वि० वि०, दरभंगा	13,000
16.	कोलकाता विश्वविद्यालय, कोलकाता	13,000
17.	अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय	12,000
18.	सरकारी पाण्डुलिपी पुस्तकालय, इलाहबाद	11,000
19.	बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय	10,500
20.	सफदरजंग संग्रहालय, हैदराबाद	1,000
21.	केन्द्रीय बौद्ध अध्ययन संस्थान, लेह	10,000
22.	उस्मानिया विश्वविद्यालय पुस्तकालय, हैदराबाद	6,428
23.	शिवाजी विश्वविद्यालय पुस्तकालय, कोल्हापुर	5673
24.	कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय	5,500
25.	पूणे विश्वविद्यालय	4,416
26.	पटना विश्वविद्यालय	3,700
27.	तमिल विश्वविद्यालय, तंजावूर	3,365
28.	राष्ट्रीय पुस्तकालय, कोलकाता	3,258

29.	गुवाहाटी विश्वविद्यालय	3,248
30.	उत्कल विश्वविद्यालय	3,053
31.	आन्ध्र विश्वविद्यालय पुस्तकालय	3,000
32.	संस्कृत अकादमी, उस्मानिया विश्वविद्यालय	3,000
33.	राज्य केन्द्रीय पुस्तकालय, हैदराबाद	17,000
34.	वृन्दावन शोध संस्थान	10,000
35.	अजमेर शरीफ दीवान मौलाना जैनुअल अबादीन	10,000
36.	संजय शर्मा स्मृति पाण्डुलिपि केन्द्र, जयपुर	1,15,000
37.	तिरूमला तिरूपति देवस्थान	....
38.	आनन्द आश्रम	14,000

दिव्य संगीतः अध्यात्मिक धार्मिक महासंगीत रजिस्टर

भारतीय मंत्र–तन्त्र–यन्त्र सृष्टि के विज्ञान और अक्षर ब्रह्म की शक्ति का स्रोत है। अक्षर की दिव्य चमत्कारी शक्ति का गूढ़ रहस्य मन्त्रद्रष्टा ऋषियों–मुनियों ने परत दर परत खोला है। शास्ता रुद्र ने अक्षर को परम ब्रह्म की संज्ञा दी है। मंत्र का अनुरणन, आरोह, अवरोह सबसे महत्वपूर्ण है। प्राचीन आर्ष ग्रन्थों में मंत्र के अक्षर पर उसके स्वर का स्पष्ट निर्देश है। यह भी दिशानिर्देश है कि स्तोत्र, मूल मंत्र आदि का पाठ किस प्रकार से करें? अमुक स्तोत्र का पाठ दिन में कितनी बार करें? श्री रुद्रपाठ, श्रीशिव महिम्न स्तोत्र, श्रीलंकेश्वर रावणकृत शिवताण्डव स्तोत्र, श्रीमहासरस्वती स्तोत्र, श्री देवी सप्तशती, श्रीललिता सहस्त्रनाम, श्रीलक्ष्मी सहस्त्रनाम, श्रीबाला स्तोत्र, श्रीशिव सहस्त्रनाम, श्रीविष्णु सहस्त्रनाम, श्री सुदर्शन सहस्त्रनाम, श्री आदित्य हृदय, श्रीआदित्य शतनाम, श्रीशरभस्तोत्र, देवी प्रत्यंगिरा स्तोत्र, श्रीदेवी शूलनी स्तोत्र, श्रीमहिषासुरमर्दनी स्तोत्र, श्रीमहागणपति स्तोत्र, श्रीरामायण का संस्कृत सुन्दरकाण्ड, श्रीनवग्रह स्तोत्र आदि के पाठ में स्वर महत्वपूर्ण है।



Kindly visit us at;

https://archive.org/details/@adhyatmik_punarjagran

वर्तमान में यह समस्या है कि इन मंत्र–स्तोत्र आदि के स्वरों के अनुसार संस्कृत पाठ करनेवालों का नितान्त अभाव है। आगमों के अनुसार मंत्र–स्तोत्र के गलत पाठ से हानि हो सकती है। यह भी निर्देश है कि मंत्र स्तोत्र पाठ से पूर्व उसका अर्थ भी समझ लें। श्री रुद्रताण्डव स्तोत्र समभाव के भावातीत लोक में ले जाने वाला है। श्रीरुद्रपाठ–श्री आदित्य हृदय सृष्टि के रहस्य को प्रकट करते हैं। मूलतः मंत्र मन को संकटों से त्राण यानी मुक्ति दिलाकर सकारात्मक ऊर्जा का प्रचण्ड प्रवाह करने की दिव्य शक्ति सम्पन्न हैं। इसमें मात्र आवश्यकता मंत्र–स्तोत्र आदि को जाग्रत कर आराध्य देव की शक्ति युक्त होना है।

मंत्र शक्ति का शक्तिपात ही सबसे प्रमुख है। कलिकाल में यदि संस्कृत का विशुद्ध आरोह अवरोह पाठ नहीं कर सकते तो शुद्ध पाठ श्रवण सुनना भी विकल्प है। मंत्र की दिव्य शक्तियों पर संशय करते हुए आयुर्विज्ञानविदों (डाक्टर) ने अस्पताल में रोगियों के बीच मंत्र ध्वनि कर

उसके प्रभाव का आंकलन किया। इसीक्रम में कारपोरेट क्षेत्र कार्यस्थल पर मन्द–मन्द स्वर में मंत्रपाठ चला। दोनों के परिणाम आश्चर्यजनक रूप से अभूतपूर्व सकारात्मक रहे।

यह स्मरण रहे कि महाकवि कालिदास, महाकवि मयूर या श्रीसाम्ब अथवा अट्ठारहवीं शती में बीदर के महामात्य श्री भास्कर राय श्रीसूर्य की आराधना से असाध्य रोग से मुक्त हुए। बीसवीं शती में स्वामी विशुद्धानन्द परमहंस और ज्योतिषपीठ बदरीनाथ के जगदगुरु शंकराचार्य श्री ब्रह्मानन्द सरस्वती महाराज अदृश्य दिव्य शिक्षा केन्द्र ज्ञानगंज में दीक्षित थे। स्वामी विशुद्धानन्द परमहंस ने मृत चिड़िया को पुनर्जीवित करने का चमत्कार ''श्री सूर्यविज्ञान'' से दिखाया।

वर्षों के शास्त्रार्थ के बाद पश्चिमी जगत ने स्वीकारा कि अपौरुषेय (ब्रह्म रचित) वेद के मंत्र अनन्त काल से ब्रह्माण्ड में विद्यमान है। इससे प्रमाणित होता है कि अक्षर ब्रह्म कभी नष्ट नहीं होता। अपौरुषेय वेद प्रलय के बाद अथवा मनवन्तर समापन के उपरान्त भी विद्यमान रहेंगे। वर्तमान में आवश्यकता है कि मंत्र की शक्ति के वैज्ञानिक स्वरूप से साक्षात्कार कर देवभाव में लीन हों। मंत्र आदि को दिव्य आनन्द वर्षा का रस लें।

श्री नीलकण्ठ ज्ञानगंज आर्ष ग्रन्थशोध सन्दर्भ

विगत तीन चार दशकों से श्री राम शास्त्री ''ब्रह्म सत्य जगद् मिथ्या'' के विभिन्न ग्रन्थों के रसिक पाठक रहे। प्रारम्भ में ऋषि मुनियों की साधना स्थली में महर्षि पराशर की ''राक्षसनाशक यज्ञस्थली'' के परिसर में अध्यात्मिक ग्रन्थागार एवं साधना स्थली स्थापना में लगे। कुछ हजार पुस्तक एकत्र कर रखी गई। अप्रत्याशित रूप से श्रीपाराशर पीठ के

पीठाधीश्वर श्री जगमोहन दास की निर्मम हत्या से कार्य योजना अधर बीच बन्द हुई। ग्रन्थ भी गायब हुए।

अलवर में पिताश्री पण्डित गौरीशंकर शास्त्री और माता श्रीमती शान्ति शास्त्री 71 आर्य नगर बंगले में वेद सम्बन्धित कार्य प्रारम्भ करना चाहते थे। श्रीमती शान्ति शास्त्री के जीवनकाल में 22 जुलाई 2011 को श्रीनीलकण्ठ ज्ञानगंज का श्रीगणेश किया गया (निधन 2 जून, 2012)। श्री नीलकण्ठ ज्ञानगंज में शुरूवात में मात्र लगभग 800 ग्रन्थ रहे एवं वर्तमान में लगभग 7000 हैं। सन् 2011 से 2017 में देशभर के प्रकाशकों से श्रुतिस्मृति के प्रमाणिक अधिकारिक दुर्लभ ग्रन्थों के एकत्रीकरण का महायज्ञ शुरू हुआ।



Kindly visit us at;

https://archive.org/details/@adhyatmik_punarjagran

यह सबसे विकट समस्या थी कि प्रमुख अध्यात्मिक प्रकाशकों के कुछ प्रमुख ग्रन्थ अनुपलब्ध या वर्तमान में प्रकाशित नहीं हो रहे थे, जैसे –

1. स्वाध्याय मण्डल, पारडी
2. अरविन्द आश्रम
3. निर्णय सागर प्रेस, मुम्बई
4. वाणी विलास प्रेस, श्रीरंगम्
5. भण्डारकर ओरियेन्टल रिसर्च इन्स्टीट्यूट, पूणे
6. राजस्थान प्राच्य विद्या संस्थान
7. श्रीकृष्ण जन्मभूमि सेवा संस्थान, मथुरा
8. मोतीलाल बनारसीदास, लाहौर, दिल्ली
9. ओरियन्टल इन्स्टीट्यूट, बडौदा
10. हिन्दी प्रचारक संस्थान, वाराणसी
11. हिन्दुस्तानी अकादमी, इलाहबाद
12. इण्डियन प्रेस, प्रयाग
13. नवलकिशोर प्रेस
14. प्रवीण प्रकाशन, दिल्ली
15. राष्ट्रीय जनगणना, जयपुर
16. तिरूमला तिरूपति
17. डॉ. सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी
18. दा एशियाटिक सोसायटी, कोलकाता
19. दा थियोसोफिकल सोसायटी, चेन्नई
20. आनन्द आश्रम संस्थान, पूणे
21. पृथिवी प्रकाशन, वाराणसी
22. भारतीय विद्या प्रकाशन, दिल्ली
23. श्री सरस्वती सदन प्रकाशन, दिल्ली
24. आर्य प्रतिनिधि सभा, दिल्ली
25. बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय प्रकाशन
26. श्री पीताम्बरा संस्कृत परिषद, दतिया
27. हिन्दी प्रचारक संस्थान, वाराणसी
28. भारत धर्म महामण्डल, वाराणसी
29. विद्याश्रीन्यास, गोरखपुर

30. कोरनेशन प्रेस, बंगलुरू
31. वास्तु वांगमय प्रकाशन, प्रयाग
32. आदित्य बुक सर्विस, दिल्ली
33. यदुवंश न्यास, फैजाबाद आदि।

यह विकट समस्या रही कि इनको विलुप्त कृतियों को कैसे प्राप्त किया जाए ? जिससे इनका अमृतपान किया जा सके। मूल प्रकाशन तक भी असमर्थता ही व्यक्त कर रहे थे। यह देवकृपा रही कि सैंकड़ों की संख्या में दुर्लभ आर्ष ग्रन्थ प्राप्त हुए। चार वर्षों में आर्ष ग्रन्थ एवं अन्यों की संख्या लगभग 4800 हुई। ये सभी ग्रन्थ अध्यात्म प्रेमियों–जिज्ञासुओं के लिए श्रीनीलकण्ठ ज्ञानगंज, 71 आर्यनगर, अलवर राजस्थान में उपलब्ध हैं।

चमत्कारिक
दिव्य यन्त्र–चित्र महासागर

ओमिति ब्रह्म। औमितीदं सर्वम्
(यह सब औंकार रूप ही है।)
ईशानः सर्वविद्यानां ईश्वरः सर्वभूतानाम्
एकं तन्त्रं समाश्रित्य सम्यक् कर्म कृते तथा।
सर्वं तेन कृतं राम तच्च श्री गुरुमार्गतः!!7!!
(त्रिपुरा रहस्य चर्याखण्डः चतुर्थ अध्याय)
मंत्रे तीर्थे द्विजे देवे दैवज्ञे भेषजे गुरौ।
यादृशी भावना यस्य सिद्धिर्भवति तादृशी।।



सूर्य यंत्र

निगम से आगम तक निराकार परमेश्वर को साकार रूप दिया गया। ज्ञान को मूर्तरूप अक्षर ब्रह्म ने दिया। अक्षर मूलतः सृष्टि के प्रतीक बिन्दु और रेखा का विस्तार है। लोक से ही संस्कारित होकर वेद की रचना हुई। प्रतीक–दिव्य यन्त्र और प्रतिमा के माध्यम से आराध्य को चैतन्य कर देव स्वरूप होने की प्रक्रिया है। दिव्य यन्त्र और चित्रों में चमत्कारी दैविक शक्ति का अनन्त भण्डार होता है। इससे शक्तिपात के लिए यन्त्र चित्र को जाग्रत करने की आवश्यकता है। इसकी चर्चा पृथक विषय है।

इसीक्रम में स्पष्ट करना चाहेंगे कि भगवान रुद्र का अंश रुद्राक्ष धारण करने की अनुष्ठानिक प्रक्रिया है, अन्यथा रुद्राक्ष वांछित फल नहीं देगा।

यही रत्न पहनने पर भी चरितार्थ होता है। यह आवश्यक है कि घर अथवा प्रतिष्ठान में यन्त्र अथवा चित्र स्थापित करने से पहले उसके सन्दर्भ में रहस्यमय चर्या की जानकारी प्राप्त करें।



सुदर्शन चक्र

वर्तमान में सभी यन्त्र–चित्र सभी की प्रकृति के अनुरूप अनुकूल अथवा प्रतिकूल होते हैं। यह ध्यान रहे कि दिव्य यन्त्र–चित्र स्थापना से पहले ज्ञानी से दिशानिर्देश लें।

भागतीत ध्यानयोग
अध्यात्मिक परिसंवाद–समाधान–सत्संग

ओमित्येकाक्षरं ब्रह्म व्याहरन्मामनुस्मरन।
य प्रयाति त्यजन्देहं स याति परमां गतिम्।।

———

पद्मं विश्वं करे स्थितम्।।
नमामि वेदत्रयलोचनं तम्।।

———

धर्मस्तु द्रवरूपेण ब्रह्मणा निर्मितः पुरा।
तद्वै गंगेति विख्याता श्रृणु स्तोत्रं वसुन्धरे।।
ऋग्वेद : 4.58.3

———

अथापि प्रत्यक्षकृताः स्तोतारो भवन्ति। (निरूक्त)

———

ऋचोअक्षरे परमे व्योवन यस्मिन देवा अधिविश्व नीषेदुः।
यस्तन्न वेद किमृचा किरिष्यति य इत्तद्विदुस्त इमे समासते।।

न्यास प्रकाशन : देशव्यापी उपलब्धता
राष्ट्रीय संस्कृत–वैदिक विद्वान् कोष

विश्व एवं देश में अध्यात्मिक पुरोत्थान (पुनर्जागरण) के उद्देश्य से ऋग्वेद के मूलभूत तत्त्व पर शोध संग्रह प्रकाशित किये गये हैं।

पँच महाभूत शृंखला

पृथिवीविद्या
वरुणविद्या
सूर्यविद्या
वायुविद्या
आकाशविद्या

वैदिक देवता

रुद्रविद्या
विष्णुविद्या

अन्तिममहातीर्थ

कैलास महारहस्यम अंग्रेजी,
कैलाश महारहस्यम हिन्दी

वैदिक चिकित्सा

वेद ओषधि कल्पतरु
वेद वर्णित रोग एवं ओषधियाँ

डिजिटल ग्रन्थ

अंशुबोधिनी शास्त्र (पुनरोद्धार)
सूर्य किरण की ऊर्जा शक्ति

शुक्ल यजुर्वेद रुद्र पाठ

शुक्ल यजुर्वेद के रुद्र सूक्त में मात्र 66 मन्त्र है, उनकी व्याख्या आदि।

श्री सिद्धि

